प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 12.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- विजयादशमी का पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने लोगों को दी शुभकामनाए।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जवानों के साथ की शस्त्र पूजा, कहा–भारत एकमात्र देश जहां शस्त्र और शास्त्रों की होती है पूजा, यह कृतज्ञता का प्रतीक।
- दशहरा पर रांची के मोरहाबादी मैदान में आज शाम होगा रावण दहन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ होंगे शामिल।
- प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पोर्टल पर कंपनियों ने करीब 91 हजार अवसर दिये, पंजीकरण आज से शुरू।

****

दशहरा का पर्व आज पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विजयदशमी पर शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस त्योहार के साथ गरिमा, कर्तव्य के प्रति दृढता, सदाचार, विनम्रता और न्याय के लिए संघर्ष की कई प्रेरक कहानियां जुड़ी हुई हैं। राष्ट्रपति ने कामना की है कि आस्था और उत्साह का यह त्योहार सभी के लिए सफलता, समृद्धि और खुशियां लाएगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों को विजयादशमी की असीम शुभकामनाए दी है। सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि मां दुर्गा और प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से सभी को जीवन के हर क्षेत्र में विजय हासिल हो, यही कामना है। राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं ।

****

विजयादशमी पर आज शाम रांची के मोरहाबादी मैदान समेत कई जगहों पर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों को जलाया जाएगा। पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल ने बताया कि इस बार मुख्य आकर्षण खास आतिशबाजी होगी, जो प्रदूषण और धुआं रहित होगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शामिल होंगे।
इस वर्ष रांची के आठ प्रमुख स्थानों पर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतला दहन के साथ आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जमशेदपुर में भी विभिन्न कमिटियों की ओर से अलग–अलग दिन रावण दहन किया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज गोविंदपुर में और बागुनहातु में कल रावण का पुतला दहन किया जाएगा।
गुमला जिला मुख्यालय स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आज शाम विजयादशमी के मौके पर रावण दहन किया जायेगा।

****

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं । रक्षा मंत्री ने आज पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सेना के जवानों के साथ विजयदशमी का पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्होंने सैनिकों के साथ शस्त्र पूजा की। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां शास्त्रों और शस्त्रों दोनों की पूजा की जाती है जो हमारी विशाल सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत एक सौ 93 कंपनियां लगभग 91 हजार इन्टर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगी। इसके लिए पंजीकरण आज से शुरू हो रहे हैं जो 25 अक्तूबर तक चलेंगे। केन्द्र सरकार ने इन्टर्नशिप पोर्टल को तीन अक्तूबर को शुरू किया था। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में सवा लाख इन्टर्नशिप अवसर प्रदान करना है। यह अवसर ऑनलाइन पोर्टल – पी एम इन्टर्नशिप डॉट एम सी ए डॉट जी ओ वी डॉट इन के माध्यम से प्रदान किये जा रहे हैं। इस परियोजना पर आठ सौ करोड़ रुपये की लागत आयेगी। सरकार ने पांच वर्ष के दौरान 21 से 24 वर्ष आयु वर्ग के एक करोड़ उम्मीदवारों को इन्टर्नशिप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। इन्टर्नशिप के दौरान युवाओं को एक वर्ष के लिए पांच हजार रुपये मासिक पारिश्रमिक दिया जायेगा। उन्हें 6 हजार रुपये की एकमुश्त राशि भी दी जाएगी। इन्टर्नशिप के ये अवसर 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 737 जिलों में उपलब्ध होंगे। ये अवसर तेल, गैस, ऊर्जा, यात्रा, आतिथ्य, वाहन, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं जैसे 24 क्षेत्रों में मिलेंगे।

****

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री – सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अभिनव परियोजनाओं को लागू करने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इस योजना के अंतर्गत अभिनव परियोजनाओं में छत पर सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों, व्यापारिक मॉडल और एकीकृत तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए पाँच सौ करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

****

पाकुड़ जिले के किसानों की आत्मनिर्भरता और उनकी आय वृद्धि की दिशा में जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है।

****

चतरा जिले के औद्योगिक क्षेत्र टंडवा के जंगलों में इन दिनों बाघ होने की खबर से ग्रामीण चिंतित हैं। बीते कुछ दिनों में मवेशियों पर किसी अज्ञात जंगली जानवर के हमले के बाद इस आशंका को और बल मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने एक टीम भेजकर घटनास्थल के आस पास से पग मार्क की तस्वीर हासिल की है। वन विभाग ने गांव वालों को अलर्ट करते हुए शाम को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

****

मौसम विभाग ने रांची, खूंटी, सरायकेला समेत राज्य के 8 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है । इसमें गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम भी शामिल है। इन जिलों में मेघगर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी दी गई है

****